चीन सीमा की ओर जाने वाली सड़क का वॉश आउट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में जोशीमठ को भारत-चीन सीमा **से लगे मलारी और नीति (घाटी) के सीमावर्ती गाँवों से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग मरिम** ध्वस्त हो गया।

प्रमुख बिंदु

- उक्त राजमार्ग की नाकाबंदी कर दी गई जिसके कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई, जिससे विशेष रूप से सीमा की ओर जाने वाले **सेना और** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के काफिले पर इसका प्रभाव पड़ा।
- **निरंतर वर्षा** और विशेषकर पर्वतीय इलाकों में हुए भूस्खलन के कारण राज्य में **100 से अधिक सड़कों पर आवागमन रोक दिया गया है, जिनमें कई राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल हैं।**

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)

- ITBP भारत का विशेष पर्वतीय बल है, जिसकी स्थापना **24 अक्तूबर, 1962** को भारत-चीन युद्ध के बाद की गई थी, शुरुआत में इस बल की तैनाती भारत-चीन सीमा पर की गई थी।
- प्रारंभिक तौर पर इसका गठन केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल अधिनियम, 1949 के तहत हुआ। हालाँकि भारतीय संसद द्वारा **1992** में भा.ति.सी.पुलिस (ITBP) अधिनियम को अधिनियमित किया गया तथा इसके अधीन नियमों को 1994 में लागू किया गया।
- हालाँकि पिछले कुछ वर्षों में ITBP की तैनाती नक्सल विरोधी अभियानों **सहित विभिन्न आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था** हेतु की गई। यह बल **अधिक ऊँचाई वाले बचाव और पर्वतारोहण अभियानों** में अपनी विशेषज्ञता के लिये जाना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/road-leading-to-china-border-washed-away